www.aiche.org/ccps

Process Safety Beacon

http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx

Messages for Manufacturing Personnel

This issue sponsored by

ioMosaic

www.iomosaic.com

अवकाश के दौरान प्रचालन

नवम्बर 2013



अवकाश के दिन /समय प्रोसैस संयंत्र में क्या होता है ? बहुत से संयंत्र बंद कर दिये जाते है या अवकाश की अवधि के दौरान प्रचालनों के स्तर को कम कर दिया जाता है। उपकरण असमान्य स्थिति में हो सकते है जब कि संयंत्र शट डाउन या यथा स्थिति में होंगे। यद्यपि संयंत्र बंद स्थिति में है , यह संभव है कि भंडारण टैंको और प्रोसैस उपकरणों में ख़तरनाक सामग्री अभी भी विद्यमान है। बंद उपकरणों को निरीक्षण या मुरम्मत कार्य के लिए खोला जा सकता है। अवकाश के बाद प्रोसैस को पुन: शुरू किया जाता है, कई बार शट डाउन के दौरान परिवर्तन किए जाने के बाद भी।

बहुत से संयंत्र अवकाश के दौरान चलते रहते है परंतु कम स्टाफ के साथ जिसके फलस्वरूप कम गंभीर गतिविधियां कुछ देर रोक ली जाती है ताकि लोग अवकाश अपने परिवारों के साथ मना पाये। कुछ प्रबन्धक और तकनीकी कर्मचारी उत्तर देने के लिये या निगरानी रखने के लिये उपस्थित हो सकते है।

आप क्या कर सकते है ?

➔ यह जानिए कि प्रोसेस से जुड़ी घटनाये कोई अवकाश नहीं लेती है। प्रोसेस सुरक्षा पर हमेशा ध्यान दें।

➔ छुट्टियां मनाते समय अपने कम का क्रम याद रखे। सुनिश्चित करे कि आप अवकाश के समय पर्याप्त नींद ले। और जब आप संयंत्र में आयें तो आप भरपूर काम करने के लिये तैयार रहें।

➔ अवकाश या सप्ताह के अंतिम दिनों के समय यदि आप को काम पर आना है तो आप अपने को उपलब्ध रखे। आप के स्थान पर किसी और को काम पर आने की स्थिति न आने दे। इस कारण से किसी बहुत थके हुए सहकर्मी की दुर्घटना का शिकार होने या जख्मी होने की संभावना बढ़ा जाएगी।

➔ यह मत भूलिए कि कुछ प्रोसेस जो कि यथावत स्थिति में है, अभी भी चालू है जैसे कि पूर्ण रिफलक्स (Reflux) पर (आसवन) कालम। आवश्यक आंकड़ो को रिकार्ड करे और प्रोसेस से विचलन की स्थिति में उन प्रचालनों पर विशेष ध्यान रखे।

➔ स्मरण रहे कि अवकाश के दिन भी जब संयंत्र बंद है , भंडारण टैंको और प्रोसेस उपकरणो में ख़तरनाक सामग्री मौजूद है। इन टैंको और उपकरणों की रोज मर्रा जांच करे।

➔ जैसे ही आप कोई समस्या देखते है , प्रबन्धको या अभियंताओ को बुलाने में कोई हिचकचाहट न बरते। समस्या को विकट होने का इंतजार न करे। अवकाश के दिन भी , आप की सहायता करना उनका कर्तव्य है !

➔ अवकाश के दिन यदि आप के संयंत्र में अनुरक्षण या निरीक्षण ठेके के कर्म चारी कार्यरत है तो सुनिश्चित करे कि वो संयंत्र के सुरक्षा नियमो का पालन कर रहे है।

➔ अवकाश के बाद उपकरणो को चलाते समय उचित प्रक्रियाओ का अनुसरण करे। सुनिश्चित करे कि उपकरण तैयार है और यदि शटडाउन के दौरान मुरम्मत या परिवर्तन किया गया है तो पूर्व शुरुआत सुरक्षा अवलोकन पूर्ण की पुष्टि करे।

छुट्टियाँ खुशियाँ मनाने के लिये बड़ा अवसर है, परंतु काम पर सुरक्षा प्रचालन को मनाये !

AIChE © 2013. सभी अधिकार सुरक्षित शैक्षणिक और गैर लाभ उद्देश्यों के लिए पुन:प्रकाशन को प्रोत्साहन दिया जाता है । तथापि अन्य उद्देश्यों के लिए इसका पुन:प्रकाशन वर्जित है। आप हमें ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371 पर संपर्क करे ।

यह बीकॉन अरेबिक,अफ्रीकन, चीनी,डेनिश,डच,अँग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन,ग्रीक,गुजराती,हिब्रू,,हिंदी,इटालियन,जापानी,कोरियन,मालाय,मराठी,नार्वेजियन,परशियन,पालिश,रूमानियन,रशियन,स्पेनिश, स्वीडिश,तेलगू, तुर्किश,थाई और वीयतनामी भाषाओं में उपलब्ध है। Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Petroleum Corporation Limited, Mumbai Refinery, Mumbai - 400 074